पत्रावली दर्ज ...

15/1/26 को पेश हो ।

उपखण्ड अधिकारी एवं
उपखण्ड मजिस्ट्रेट, डूंगला

15/1/2026 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थीया उपस्थित। प्रार्थीया स्वयं भी उपस्थित हुई। वकील प्रार्थीया को एवं ~~वकील~~ प्रार्थीया को सुना गया। तहसीलदार डूंगला से प्राप्त हुई रिपोर्ट जवाब को शामिल पत्रावली किया गया। तहसीलदार डूंगला ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि प्यारा मीणा की एक पुत्री है जिसका नाम बगदीबाई व कविता के नाम से जानते है। तथा बगदीबाई व कविता अलग, अलग न होकर एक ही है रिपोर्ट में अंकित किया गया है। तहसीलदार डूंगला से प्राप्त रिपोर्ट का एवं पत्रावली का एवं राजस्व रेकार्ड का अवलोकन किया गया बाद अवलोकन पाया गया कि प्रार्थीया का राजस्व रेकार्ड नकल जमाबन्दी में बगदीबाई पुत्री प्यारा मीणा दर्ज रेकार्ड है। पत्रावली के साथ संलग्न राशन कार्ड जनआधार कार्ड, आधार कार्ड मतदाता पहचान पत्र में कविता दर्ज है। राजस्व रेकार्ड एवं

उपखण्ड अधिकारी ... (चित्तौड़गढ़)

Signature Not Verified
Digitally signed by Ishwar Lal Khatik
Date: 2026.03.06 17:32:18 IST
Reason: SelfAttested

अलग-अलग नाम दर्ज होने भिन्नता पाई गई है। इस
प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थीया ने बगदीबाई के
बजाय कविता राजस्व रेकार्ड में अंकन करने हेतु
निवेदन किया गया है तथा अलग-अलग नाम दर्ज
होनेसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है
इसलिए भी शुद्ध किया जाना आवश्यक बताया गया
है। इसलिए प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136
एल० आर० एक्ट का स्वीकार किया जाना न्यायसंगत है।
अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल० आर०
एक्ट का स्वीकार किया जाता है। तथा ग्राम पालोद के
खातासं० 636 में वर्णित आराजीनम्बर 157 में अंकित
बगदीबाई के बजाय कविता दर्ज किया जाने का आदेश
दिया जाता है। आदेश पृथक से तैयार किया जाकर शामिल
पत्रावली किया गया। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार
डूंगला को भेजी जावे। निर्णय लिखाया जाकर खुले
न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार
होकर नम्बर से कम हो।

15/01/26

Signature Not Verified
Digitally signed by Ishwar Lal Khatik
Date: 2026.03.06 17:32:18 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी एवं
उपखण्ड मजिस्ट्रेट, डूंगला